A–0374

Total Pages : 3 **Roll No. ....**

BAHL-301

Bachelor of Arts (BA)

हिन्दी साहित्य का इतिहास एवं काव्यशास्त्र

Examination February, 2026

Time : 2:00 Hrs. Max. Marks : 70

नोट : यह प्रश्न–पत्र सत्तर (70) अंकों का है, जो दो (02) खण्डों 'क' तथा 'ख' में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है। ***परीक्षार्थी अपने प्रश्नों के उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका तक ही सीमित रखें। कोई अतिरिक्त (बी) उत्तर-पुस्तिका जारी नहीं की जायेगी।***

खण्ड–क

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 2×19=38

नोट :– खण्ड 'क' में पाँच (05) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल **दो** (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. साहित्येतिहास से आप क्या समझते हैं? हिंदी साहित्येतिहास की लेखन परंपरा के उद्भव एवं विकास पर विस्तृत टिप्पणी कीजिए।

2. भक्ति आंदोलन के उदय की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए भक्ति संबंधी विभिन्न दार्शनिक सिद्धांतों का उल्लेख कीजिए।

3. रीतिकाल के नामकरण की समस्या पर विस्तार से विचार करते हुए रीति काव्य की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

4. आधुनिक हिंदी कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों की विवेचना कीजिए।

5. काव्य लक्षणों का उल्लेख करते हुए भारतीय एवं पाश्चात्य आचार्यों के अनुसार काव्य के स्वरूप पर टिप्पणी लिखिए।

खण्ड–ख

लघु उत्तरीय प्रश्न 4×8=32

नोट :– खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल **चार** (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. नाथ साहित्य से आप क्या समझते हैं? नाथ साहित्य की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

2. निर्गुण भक्तिकाव्य की विशेषताएं लिखिए।

3. हिन्दी साहित्य में नवजागरण से आप क्या समझते हैं?

4. भारतेंदु हरिश्चंद्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

5. द्विवेदी युगीन काव्य की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालते हुए महावीर प्रसाद द्विवेदी के योगदान को संक्षिप्त रूप से विश्लेषित कीजिए।

6. नई कविता से आप क्या समझते हैं? नई कविता की प्रमुख विशेषताओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

7. काव्य हेतु तथा काव्य प्रेरणा में अंतर स्पष्ट कीजिए।

8. शब्द शक्तियों से आप क्या समझते हैं? शब्द शक्तियों का परिचय दीजिए।

****